दैनिक भास्कर नई दिल्ली 11-01-2025

विश्व हिंदी दिवस• ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय में संगोष्ठी

# हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार पर जोड़ देने का किया आह्वान

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम हिंदी कार्यशाला सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

"एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज" की थीम पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली एवं कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव की अध्यक्षता में सरस्वती वंदना के साथ पंचदीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा कविता, गीत, गजल आदि के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी प्रस्तुत की गई। समारोह के मुख्य अतिथि कुमार पाल शर्मा ने कहा कि हमें हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना है जो कि इसके प्रचार-प्रसार से ही संभव होगा। इसके बाद राजेन्द्र प्रसाद-सहायक निदेशक



हिंदी प्रतियोगिता के विजता को प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

एवं रविन्द्र कुमार-सहायक निदेशक ने भी हिंदी की महातत्व पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यालय प्रमुख सुनील यादव ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है जो हमारे हृदय के सबसे करीब है। हिंदी कार्यशाला सह संगोष्ठी के प्रतिभागियों को कार्यालय प्रमुख एवं मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। मंच संचालन सीमा कपूर-कार्यालय अधीक्षक द्वारा किया गया।